तुने मुझे बुलाया मेरे सांवरे

तूने मुझे बुलाया, मेरे सांवरे,
मैं आया, मैं आया, मेरे सांवरे,
ओ खाटू वाले रे... ओ भटली वाले रे... ओ लीले वाले रे...
तूने मुझे बुलाया, मेरे सांवरे,
मैं आया, मैं आया, मेरे सांवरे...

सारा जग है इक बंजारा,
सब की मंजिल खाटू का द्वारा,
रिंगस से निशान को लेकर, रिंगस से निशान को लेकर...
तेरे भवन चढ़ाया, मेरे सांवरे,
मैं आया, मैं आया, मेरे सांवरे,
तूने मुझे बुलाया.....

सूने मन की जल गयी बाती,
तेरे पथ के मिल गये साथी,
श्याम कुंड में नहा के बाबा, श्याम कुंड में नहा के बाबा,
खुद को पार उतारा, मेरे सांवरे,
मैं आया, मैं आया, मेरे सांवरे,
तूने मुझे बुलाया.....

कौन है राजा, कौन भिखारी,
एक बराबर बाबा, सारे पुजारी,
तूने मोरछड़ी लहरा के, तूने मोरछड़ी लहरा के,
सबका संकट तारा, मेरे सांवरे,
मैं आया, मैं आया, मेरे सांवरे,
तूने मुझे बुलाया.....

- संकलनकर्ता
अमित अग्रवाल 'मीत'
मो. 9340790112

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7483/title/tune-mujhe-bhulaya-mere-sanware-main-aaya-main-aaya-mere-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |